चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 152, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

विद्या वर्ल्ड स्कूल ने जीता इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

ट्राफी के साथ विद्या वर्ल्ड स्कूल की टीम के खिलाड़ी।

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में विद्या वर्ल्ड स्कूल ने मिशन एकेडमी को हराकर चैंपियन ट्राफी पर कब्जा कर लिया।

फाइनल मैच में मिशन एकेडमी के कप्तान असद नदफ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 146 रन बनाए। विद्या वर्ल्ड स्कूल की टीम ने 17 वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। इसमें विद्या वर्ल्ड के बल्लेबाज लक्ष्य शर्मा के 98 रन का विशेष योगदान रहा। चार मैच में 318 रन बनाने के लिए लक्ष्य को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। टूर्नामेंट के चार मैच में 312 रन बनाने के साथ चार विकेट लेने वाले

- **फाइनल में मिशन एकेडमी को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा**
- **चार मैच में 318 रन बनाने वाले लक्ष्य सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज**

मिशन एकेडमी के कप्तान असद नदफ प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे।

सेंट फ्रांसिस के सुखप्रीत को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया, जिन्होंने तीन मैच में 10 विकेट हासिल किए। मुख्य अतिथि विधायक शहजिल इस्लाम, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोली ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। विधायक ने स्टेडियम में हाई मास्ट लाइट मुहैया कराने का वादा किया।